आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य वन निगम को अपने डिपो में रखी ईमारती लकड़ी की निस्तारण प्रक्रिया में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज निगम की निदेशक मंडल की बैठक में उन्होंने कहा कि निस्तारण होने से ईमारती लकड़ी को गलने से बचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य वन विकास निगम एफ.सी.ए मंजूरी के बाद पहली बार ब्यास नदी से खनन गतिविधियां शुरू करेगा। उन्होंने दोषी ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने और उनके खिलाफ वसूली की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पिछले तीन वर्षों में निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस दौरान 20 करोड़ रूपये से अधिक का लाभ अर्जित किया गया है। उन्होंने बताया कि वन निगम में कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए एक सौ वन वीर नियुक्त किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले मॉनसून में शिमला शहर में 6 सौ 18 पेड़ क्षतिग्रस्त हुए और उनकी लकड़ी बेच कर अढ़ाई करोड़ रूपये का लाभ अर्जित किया गया है।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने अधिकारियों व वैज्ञानिकों को खेत–खलियानों में जाकर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने और उन्हें कृषि की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने को कहा है। कांगड़ा ज़िले के ज्वाली में आज उन्होंने कृषि अधिकारियों व वैज्ञानिकों के साथ एक बैठक की। चंद्र कुमार ने फील्ड स्तर पर जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए ताकि मक्की की फसल पर लगने वाले कीटों की रोकथाम के संबंध में किसानों को जागरूक किया जा सके। कृषि मंत्री ने कहा कि खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही हैं और इन्हें प्रत्येक किसान तक पहुंचाया जाना चाहिए। चंद्र कुमार ने कहा कि कांगड़ा ज़िले में इस वर्ष 52 हज़ार हैक्टेयर भूमि पर मक्की की बिजाई की गई है। उन्होंने अधिकारियों व वैज्ञानिकों के साथ खरोटा क्षेत्र में खेतों का दौरा किया और फॉल आर्मी वर्म कीड़े की चपेट आई मक्की की फसल का निरीक्षण किया। कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को इस कीट की रोकथाम के संबंध में किसानों को आकाशवाणी के माध्यम से जागरूक करने के निर्देश दिए।

अनिरूद्ध सिंह

प्रदेश में ऑनलाइन परिवार पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज हिप्पा में विभाग की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में इसका शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब मैनुअल आधार पर नाम दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी तरह बंद कर दी गई है अब राजस्व विभाग की तर्ज पर पंचायतों में भी परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने, नाम काटने और त्रुटि सुधार भी ऑनलाइन ही किया जाएगा। इसके लिए लोगों को ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने होंगे। ग्रामीण विकास मंत्री ने अधिकारियों को मनरेगा कार्यों में तेज़ी लाने और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

लोकसभा बजट चर्चा

लोकसभा में आज आम बजट 2024–25 पर चर्चा फिर शुरू हुई। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के सुरेश कश्यप ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह देश को नई दिशा देगा और आत्मनिर्भर बनाएगा। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है और युवाओं व महिलाओं के लिए बजट में कई पहल की गई हैं। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ घर बनाने की घोषणा गरीबों के लिए एक बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि बजट में देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

मौसम

प्रदेश में इस बार मॉनसून के दौरान अभी तक सामान्य से 35 फीसदी कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मंडी और कांगड़ा को छोड़कर राज्य के अन्य सभी ज़िलों में बहुत कम वर्षा हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में प्रदेश में मॉनसून के ज़ोर पकड़ने की संभावना है और कुछ भागों में भारी वर्षा का अलर्ट भी जारी किया गया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आज और कल प्रदेश के अनेक भागों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है जबकि 31 जुलाई व पहली अगस्त को कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

इस बीच पिछले 24 घंटों में हुई वर्षा से अनेक स्थानों पर भूस्खलन के मामले सामने आए हैं। सोलन ज़िले के दत्यार में बीती रात एक गाड़ी के भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान कपूरथला पंजाब के देवराज के रूप में की गई है। शिमला के ऑकलैंड–भराड़ी सड़क पर पहाड़ी से पत्थर गिरने से यातायात बाधित रहा।